# सफलता की कहानी

**योजना का नाम : डॉ वाई एस परमार किसान स्वरोजगार योजना**
**किसान का नाम : श्री देश राज गाँव बेहा डा. घ. पन्साई तहसील नादौन जिला हमीरपुर**
**व पता मोबाइल: 9418603114**



विकास खण्ड नादौन मे 59 पंचायते हैं । यहाँ ज़्यादातर किसान लघु व सीमांत हैं और अधिकतर किसान कृषि से जुड़े है ।

श्री देश राज सुपुत्र श्री वीरू राम गाँव बेहा ग्राम पंचायत पंसाई विकास खण्ड नादौन तहसील नादौन जिला हमीरपुर के निवासी है । इनकी आयु 56 वर्ष है । इन्होने दसवीं तक की शिक्षा ग्रहण की है । ये बचपन से ही कृषि से जुड़े हैं, और कृषि ही इनकी आजीविका का साधन है । इनके पास 12 कनाल जमीन है । इसमे ये परंपरागत तरीके से गेहूं, मक्की और सब्जियाँ उगाते थे । जिससे इनके परिवार का पालन पोषण व अन्य घरेलु आवश्यकताएं कठिनाई से पूरी हो पाती थी I

विभाग के पास बेमौसमी सब्जी उत्पादन के लिए जब नई योजना आई तो इन्होने विभाग के पास आकर इस स्कीम में अपनी रूचि दिखाई व इससे सम्बंधित जानकारी कृषि अधिकारीयों से प्राप्त की तथा विभाग की सहायता से पोली हाउस का निर्माण किया I जिसमे ये बेमौसमी सब्जी उत्पादन कर रहे है इन्होने अपने पॉली हाउस मे फरवरी 2020 मेँ खीरा लगाया था । इन्हे पॉली हाउस से लगभग 15 क्विंटल खीरा मिला, जिसको इन्होने 35 रूपये प्रति किलो के हिसाब से मार्केट में बेचा और लगभग 50 हज़ार रुपये कमाये । इसके अतिरिकत इनहोने बाहर खेतों मे मल्च शीट पे भी 2

कनाल में मई मे खीरे लगाए और इनसे उन्हे 20 क्विंटल खीरा मिला और ईससे इनहोने 40 हज़ार रुपये कमाये ।



श्री देश राज पोली हाउस व उन्नत तरीकों से खेती करके बहुत ही खुश हैं, अच्छे दामों में अपनी सब्जियाँ बेच रहे हैं । उनका यह कहना है कि हर किसान को आधुनिक खेती के तौर तरीके अपनाकर खेती बाड़ी करनी चाहिए, इससे वह अपनी आमदनी को निश्चित ही दोगुना कर सकेंगे i जिससे उनकी आर्थिकी भी सुधरेगी व स्वरोजगार भी उपलब्ध होगा और आत्म निर्भर बन सकेंगे I